महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्रदत्त / NAAC Accreditation 'A' Grade

ज्ञान शान्ति मैत्री

डॉ. सुरेन्द्र पी. गादेवार
Dr. Surendra P. Gadewar
परीक्षा नियंत्रक
Controller of Examinations

आज़ादी का अमृत महोत्सव

दूरभाषक्र./Phone No.: 07152-242812

क्रमांक: 04/परी/स.प./मई, 2026/21 | 3878
दिनांक: 16.03.2026

अंतिम सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु विषम अधिसत्र के लिखित/आंतरिक पूरक परीक्षा आवेदन-प्रपत्र भरने संबंधी सूचना

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/केंद्रों के अंतर्गत स्नातकोत्तर/स्नातक/पी.जी.डिप्लोमा, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कार्यक्रमों के अंतिम अधिसत्र में अध्ययनरत विद्यार्थियों से प्राप्त अनुरोध पत्रों के आलोक में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरांत, अधिसत्र परीक्षा (मई, 2026) के अंतिम सेमेस्टर (फाइनल) में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी, जिनका अंतिम परीक्षा परिणाम प्रथम/तृतीय/पंचम/सप्तम एवं नवम सेमेस्टर के लिखित/आंतरिक में यदि **पूरक/बैक** प्रश्न-पत्र अपूर्ण होने के कारण लंबित रह गया है, उन समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध '**समर्थ पोर्टल**' पर स्वयं की आईडी से Login कर लिखित/आंतरिक प्रत्येक पूरक प्रश्न-पत्र के लिए **राशि @ रु. 500/- (रु. पांच सौ मात्र)** शुल्क जमा कर ऑनलाइन **लिखित/आंतरिक पूरक परीक्षा** आवेदन प्रपत्र **दिनांक 17.03.2026 प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 24.03.2026 सायं: 06:00 बजे** तक भरें।

ऑनलाइन लिखित/आंतरिक पूरक परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने से संबंधित तकनीकी समस्या के लिए परीक्षा विभाग **दूरभाष क्रमांक: 07152-242812** पर कार्यालयीन दिवसों में **प्रात:10:00 से सायं: 05:30 बजे** तक संपर्क कर सकते हैं।

समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/अकादमिक निदेशक/केंद्र प्रभारियों से अनुरोध है कि परीक्षार्थियों के पूर्ण भरे हुए नियमित/पूरक परीक्षा आवेदन प्रपत्रों को परीक्षा में बैठने की संस्तुति के साथ **दिनांक 30.04.2026 तक** अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराएँ।

(डॉ. सुरेन्द्र पी. गादेवार)
16/03/2026

प्रति (ई-मेल के माध्यम से),

1. कुलपति कार्यालय
2. कुलसचिव कार्यालय
3. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/अकादमिक निदेशक/केंद्र प्रभारी
4. मुख्य छात्रावास अधीक्षक कार्यालय
5. कुलानुशासक कार्यालय
6. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण कार्यालय
7. अकादमिक विभाग
8. प्रभारी, लीला- विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु
9. संबंधित पत्रावली।